TV उत्तरशक्ति NEWS

मुंबई(महाराष्ट्र) से प्रकाशित

# उत्तरशक्ति

हिन्दी दैनिक

हर खबर निष्पक्षता के साथ

मुंबई
वर्षः 7 अंक 188
गुरुवार, 23 जनवरी 2025
मूल्य 3 रुपए, पृष्ठ-6
RNI NO. MAHHIN/2018/76092
email ID- uttarshaktinews@gmail.com
www.uttarshakti.co.in


## आग की खबर से पुष्पक एक्सप्रेस से उतरे यात्री, कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आने से 11 की मौत

**जलगांव, 22 जनवरी।** जलगांव के पचोरा रेलवे स्टेशन पर एक चौंकाने वाली घटना में, पुष्पक एक्सप्रेस में आग लगने की अफवाह के बाद अफरा-तफरी मच गई। घबराए यात्री अपनी जान के डर से चलती ट्रेन से कूदने लगे। दुख की बात है कि कुछ यात्री बगल के रेलवे ट्रैक पर उतर गए, जहां वे उसी समय गुजर रही कर्नाटक एक्सप्रेस की चपेट में आ गए। इस घटना में कई लोग हताहत हुए हैं, जिससे स्टेशन पर शोक और सदमे की स्थिति है। बताया जा रहा है कि अब तक 11 लोगों की मृत्यु हुई है। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पुष्पक ट्रेन हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने घायलों के लिए पर्याप्त चिकित्सा उपचार का आदेश दिया है, साथ ही यात्रियों के निधन पर शोक व्यक्त किया है। नासिक के संभागीय आयुक्त प्रवीण गेदाम ने बताया कि पुष्पक एक्सप्रेस के यात्री ट्रैक पर थे जब कर्नाटक एक्सप्रेस बगल के ट्रैक से गुजर रही थी तभी वे दुर्घटनाग्रस्त हो गए। हम मौके पर हैं। एडिशनल एसपी, एसपी, कलेक्टर और हर कोई अपने रास्ते पर है। हम डीआरएम और रेलवे अधिकारियों के साथ समन्वय कर रहे हैं। अंतिम उपलब्ध जानकारी के अनुसार 8 एम्बुलेंस घटनास्थल पर पहुंचीं, रेलवे की अतिरिक्त बचाव वैन और रेलवे एम्बुलेंस को घटनास्थल पर भेजा जा रहा है। अधिक जानकारी की प्रतीक्षा है। आखिरी रिपोर्ट के मुताबिक 8 लोगों की मौत हो गई है। संख्या बढ़ सकती है। प्रशासन हरसंभव मदद कर रहा है।



अधिकारी आपातकालीन सहायता प्रदान करने और घटना की जांच करने के लिए घटनास्थल पर पहुंचे। हताहतों की संख्या की पुष्टि करने और इसमें शामिल लोगों की पहचान करने के प्रयास जारी हैं। अधिकारी झूठे फायर अलार्म के स्रोत की भी जांच कर रहे हैं और भविष्य में इसी तरह की घटनाओं को रोकने के लिए उपाय सुनिश्चित कर रहे हैं। हालांकि जलगांव के जिला कलेक्टर ने कहा कि आग लगने की अफवाह की अभी पुष्टि नहीं हो सकी है। उन्होंने कहा कि तीन अस्पतालों को सक्रिय कर दिया गया है और सभी आवश्यक उपाय किये जा रहे हैं।

## बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान से बेटियों के अधिकारों, सम्मान को नया आयाम मिला: अमित शाह

**नई दिल्ली, 22 जनवरी।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ (बीबीबीपी) अभियान के 10 साल पूरे होने के मौके पर कहा कि इस अभियान ने बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान को एक नया आयाम दिया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 22 जनवरी 2015 को हरियाणा के पानीपत से बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की थी। यह अभियान देश में घटते बाल लिंग अनुपात (सीएसआर) और महिला सशक्तीकरण से जुड़े मुद्दों को संबोधित करता है।



शाह ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मोदी जी के नेतृत्व में एक दशक पहले शुरू हुआ ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान आज एक जनांदोलन बन चुका है। बीबीबीपी ने बीते 10 साल में बेटियों के अधिकारों, शिक्षा और सम्मान को नया आयाम दिया।

उन्होंने कहा, आज विद्यालयों में बेटियों के नामांकन दर में बढ़ोतरी और लिंग अनुपात में अभूतपूर्व सुधार हुआ है। आज बेटियां हर क्षेत्र में अग्रणी भूमिका निभाकर देश का मान बढ़ा रही हैं।

## मणिपुर के मूल समुदाय को अवैध आव्रजन के प्रति बहुत सतर्क रहने की है जरूरत : एन बिरेन सिंह

**मणिपुर।** मणिपुर के मुख्यमंत्री एन बिरेन सिंह ने बुधवार को कहा कि राज्य के मूल समुदाय को अवैध आव्रजन के प्रति बहुत सतर्क रहने की जरूरत है। सिंह ने तामेंगलोंग जिले में एक सभा को संबोधित करते हुए कह कि उनकी सरकार बिना किसी भेदभाव के राज्य के हर समुदाय का ध्यान रखती है। उन्होंने कहा, असम और त्रिपुरा में अवैध प्रवासियों और रोहिंग्याओं के मुद्दे को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता। अगर हम उचित तरीके से जांच नहीं करेंगे तो हम असुरक्षित हो जाएंगे। हम मूल निवासियों को बहुत सावधान रहना चाहिए। हमारी परवाह करने वाला कोई नहीं है। सीमा पर कोई बाड़ नहीं है और न ही कोई सीमा सुरक्षा है। यहां तक कि अब भी इसकी (सीमा की) उचित देखभाल नहीं की जा रही है। सिंह ने कहा कि समुदायों के बीच विश्वास और सम्मान की कमी ने राज्य में अनिश्चितता पैदा कर दी है। उन्होंने कहा, समान विकास और आपसी सम्मान के बिना हम साथ-साथ नहीं रह सकते। घाटी में उपलब्ध हर सुविधा पहाड़ी लोगों को भी मिलनी चाहिए। केवल समान विकास और आपसी सम्मान से ही मजबूत मणिपुर और अखंड भारत का निर्माण हो सकता है। उन्होंने कहा, राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार के सात-आठ वर्षों के शासन के दौरान, दो साल कोविड की भेंट चढ़ गए और दो साल मौजूदा संघर्ष की भेंट चढ़ गए। हमें काम करने के लिए मुश्किल से तीन साल मिले।

## अजय माकन ने आप सरकार पर साधा निशाना

**नई दिल्ली।** कांग्रेस नेता अजय माकन ने बुधवार को आरोप लगाया कि दिल्ली की आम आदमी पार्टी सरकार स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में 382 करोड़ रुपये के बड़े भ्रष्टाचार घोटाले में शामिल है। एक संवाददाता सम्मेलन में बोलते हुए माकन ने दावा किया कि आप सरकार, जिसने अक्सर सीएजी (नियंत्रक एवं महालेखा परीक्षक) रिपोर्टों के आधार पर कांग्रेस सरकार की आलोचना की है, अब अपने कार्यकाल के तहत 14 सीएजी रिपोर्टों में गंभीर भ्रष्टाचार के आरोपों का सामना कर रही है।

माकन ने एक विशिष्ट सीएजी रिपोर्ट का हवाला दिया, जिसमें उन्होंने कहा कि दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से जुड़े घोटाले का खुलासा हुआ। माकन के अनुसार, रिपोर्ट में अस्पतालों के निर्माण में अनियमितताओं की ओर इशारा किया गया है, जिसमें कहा गया है कि परियोजनाओं को समय से पहले पूरा करने और पैसे बचाने के AAP के वादे के बावजूद, पिछले दशक में केवल तीन नए अस्पताल बनाए गए थे। उन्होंने स्पष्ट किया कि तीनों अस्पताल-इंदिरा गांधी अस्पताल, बुराड़ी अस्पताल और मौलाना आजाद डेंटल अस्पताल-कांग्रेस सरकार के तहत शुरू किए गए थे।

'माकन ने कहा, इंदिरा गांधी अस्पताल में पांच साल की देरी हुई, बुराड़ी अस्पताल में छह साल की देरी हुई और मौलाना आजाद डेंटल अस्पताल में तीन साल की देरी हुई। कांग्रेस के कोषाध्यक्ष माकन ने संवाददाताओं से कहा, आज मैं सबके सामने आप के पाप की पहली कड़ी रखना चाहता हूं। दिल्ली में एक ऐसे नेता हैं, जिन्होंने अपनी पार्टी इसलिए बनाई थी, ताकि वो भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ सकें। उस जमाने में केजरीवाल कैग रिपोर्ट के आधार पर ही कांग्रेस पर आरोप लगाते थे। उन्होंने दावा किया कि इस वक्त कैग की 14 ऐसी रिपोर्ट हैं, जिसमें पूर्व की केजरीवाल सरकार के ऊपर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप हैं, लेकिन अब वो रिपोर्ट सामने नहीं आ रहीं।

माकन ने कहा ऐसे में हम केजरीवाल जी से पूछना चाहते हैं कि इस रिपोर्ट में स्वास्थ्य से जुड़े मामले में 382 करोड़ का घोटाला कैसे है? उन्होंने कहा, कैग की रिपोर्ट कहती है कि दिल्ली में पिछले 10 साल में सिर्फ तीन अस्पताल बनकर तैयार हुए। इन अस्तपाल को बनाने की शुरूआत कांग्रेस के समय हुई थी। लेकिन आप की सरकार के आने के बाद इन अस्पताल को बनने में समय तो ज्यादा लगा ही, बल्कि जितने की निविदा था, उससे ज्यादा पैसा खर्च हुआ।

## बलिया में 1.4 करोड़ रुपये मूल्य की हेरोइन के साथ दो लोग गिरफ्तार

**बलिया।** बलिया जिले की दुबहर पुलिस ने बुधवार को दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके पास से 1.4 करोड़ रुपये मूल्य की 700 ग्राम हेरोइन (माद पदार्थ) बरामद की। पुलिस के एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने बताया कि दुबहर पुलिस ने बुधवार को थाना क्षेत्र के चकिया के बारी बन्धे पर स्थित हनुमान मन्दिर के पास से अनिल सिंह और रिपुंजय तिवारी को गिरफ्तार किया। सिंह ने बताया कि अनिल के पास से 400 ग्राम व रिपुंजय के पास से 300 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उन्होंने बताया कि बरामद हेरोइन की कीमत एक करोड़ चालीस लाख रुपये है। उन्होंने बताया कि हेरोइन की तस्करी करने के दोनों आरोपी जिले के बैरिया थाना क्षेत्र के रहने वाले हैं।

## जालौन में कार के पेड़ से टकराने के कारण तीन लोगों की मौत

**जालौन, 22 जनवरी।** जालौन में एक कार के अनियंत्रित होकर पेड़ से टकराने के कारण तीन लोगों की मौत हो गई और इतने ही लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी।



पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि हादसा आधी रात के करीब चुर्खी-उरई मार्ग पर सजाकर खेड़ा के पास हुआ। पुलिस क्षेत्राधिकारी (कालपी) अवधेश कुमार सिंह ने बताया कि लक्ष्मण सिंह (25), विनय (26), राघव (18), रिशु (28), हरिओम (25) और धीरेंद्र (22) कानपुर देहात के राजपुर से जालौन जिले के उरई में एक शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। उन्होंने बताया, जब वे सजाकर खेड़ा के पास तीखे मोड़ पर पहुंचे तो उनके वाहन का संतुलन बिगड़ गया और वह एक पेड़ से टकरा गया। इसके बाद वाहन गहरे गड्ढे में गिर गया। इस बीच, चीख-पुकार सुनकर एक अज्ञात वाहन में सवार कुछ लोग मदद के लिए रुके और घटना की सूचना चुर्खी थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंचे पुलिस बल ने घायलों को उरई मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया।

## कुलदीप सिंह सेंगर को राहत, दिल्ली हाईकोर्ट ने मिली अंतरिम जमानत

**नई दिल्ली, 22 जनवरी।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने निष्कासित भाजपा के पूर्व विधायक और उन्नाव रेप केस में आरोपी कुलदीप सिंह सेंगर को 24 जनवरी को एम्स में मोतियाबिंद सर्जरी कराने के लिए अंतरिम जमानत दे दी। उन्हें 27 जनवरी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया है। वह इस मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहा है। इससे पहले कोर्ट ने सेंगर को चिकित्सा आधार पर दी गई अंतरिम जमानत की अवधि बढ़ाने से सोमवार को इनकार कर दिया था।

राजनीतिक नेता को 20 जनवरी को आत्मसमर्पण करने का निर्देश दिया गया था, लेकिन वह बलात्कार के मुख्य मामले में खंडपीठ से राहत पाने में असफल रहा, क्योंकि यह पाया गया कि जमानत विस्तार के लिए उसका आवेदन पीड़िता को नहीं दिया गया था। न्यायमूर्ति नवीन चावला और न्यायमूर्ति शालिन्दर कौर की पीठ ने कहा, उसे हिरासत में लिया जाए। बलात्कार पीड़िता के वकील ने आरोप लगाया कि उन्हें केवल शीघ्र सुनवाई की मांग वाला एक आवेदन दिया गया था। इसके बाद, पीड़िता के पिता की हिरासत में हुई मौत से संबंधित मामले में न्यायमूर्ति विकास महाजन ने कहा कि खंडपीठ के रुख को देखते हुए, इस मामले में अंतरिम राहत बढ़ाने से कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा।





न्यायाधीश ने कहा, यदि खंडपीठ ने इनकार कर दिया है, तो इससे कोई उद्देश्य पूरा नहीं होगा। आप आत्मसमर्पण कर दीजिए। सेंगर की ओर से पेश वरिष्ठ वकील ने न्यायमूर्ति महाजन से कहा कि वह शाम को अधिकारियों के समक्ष आत्मसमर्पण कर देंगे।

बलात्कार के मुख्य मामले में आजीवन कारावास की सजा काट रहे सेंगर को पिछले साल दिसंबर की शुरूआत में उसके स्वास्थ्य के आधार पर दो सप्ताह की अंतरिम जमानत दी गई थी। बाद में राहत को एक और महीने के लिए बढ़ा दिया गया था।

सेंगर ने 2017 में नाबालिग लड़की को अगवा कर उसके साथ बलात्कार किया था। एक अगस्त, 2019 को उच्चतम न्यायालय के निर्देश पर बलात्कार का मामला और अन्य संबंधित मामले को सुनवाई के लिए उत्तर प्रदेश से दिल्ली स्थानांतरित कर दिया गया था।

## भुवनेश्वर में कार से करीब 100 किग्रा गांजा बरामद, तीन लोग गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** भुवनेश्वर में पुलिस ने 101 किलोग्राम गांजा बरामद किया और मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बुधवार को बताया कि सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने मंगलवार रात को इंफो वैली पुलिस थाना क्षेत्र में खुर्दा-चंदक मार्ग पर एक कार को रोका जिसमें से 101 किलोग्राम गांजा बरामद किया गया। उसने बताया कि गांजा तस्करी कर कंधमाल जिले से पश्चिम बंगाल ले जाया जा रहा था। पुलिस ने बताया कि स्वापक औषधि और मनःप्रभावी पदार्थ अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।












# नये भारत के लिये बालिकाओं की बंद खिड़कियां खुलें



-ललित गर्ग

## राष्ट्रीय बालिका दिवस- 24 जनवरी, 2025

जहां पांव में पायल, हाथ में कंगन, हो माथे पे बिंदिया, इट हैपन्स ओनली इन इंडिया- जब भी कानों में इस गीत के बोल पड़ते है, गर्व से सीना चौड़ा होता है। जब नवरात्र के दिनों में कन्याओं को पूजित होने के स्वर सुनते हैं तब भी शकुन मिलता है लेकिन जब उन्हीं कानों में यह पड़ता है कि इन पायल, कंगन और बिंदिया पहनने वाली बालिकाओं के साथ कैसे अत्याचार, यौन-शोषण इंडिया क्या करता है, तब सिर शर्म से झुकता है। भारतीय समाज में लड़कियों को अक्सर भेदभाव, यौन-शोषण और अन्याय का सामना करना पड़ता है। उन्हें अक्सर अपनी शिक्षा को आगे बढ़ाने के अवसर से वंचित रखा जाता है और उन्हें बहुत कम उम्र से ही घर के कामों में मदद करनी पड़ती है। इन्हीं विडम्बनाओं एवं विसंगतियों को नियंत्रित करने के लिये भारत सरकार के महिला एवं बाल विकास मंत्रालय ने 2008 में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाने की शुरूआत की। इस दिवस को मनाने का उद्देश्य भारतीय समाज में लड़कियों के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे



में जागरूकता फैलाना है। यह दिन समाज में लड़कियों के खिलाफ लैंगिक असमानता, रूढ़िवादिता, भेदभाव, यौन-शोषण और हिंसा की मौजूदा समस्याओं पर प्रकाश डालता है, बालिकाओं को सशक्त बनाता है और शिक्षा, पोषण और स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में लड़कियों को समान अवसर प्रदान करने के महत्व का संदेश देता है। बालिकाओं की बन्द खिड़कियां खुलें, तभी नया भारत-सशक्त भारत बन सकेगा।

सरकार का उद्देश्य बालिका दिवस के माध्यम से बालिकाओं के साथ समान व्यवहार करने और उन्हें वे अवसर प्रदान करने की तत्काल आवश्यकता को व्यक्त करना है, जिनकी वे हकदार हैं। यह दिवस प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की शुरूआत की तिथि भी है। इसका लक्ष्य बालिका लिंग अनुपात में गिरावट के मुद्दे पर ध्यान केंद्रित करना भी है। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2025 की थीम ह्यउज्ज्वल भविष्य के लिए लड़कियों को सशक्त बनानाह्ल है। इसके लिये भारत में बालिकाओं के लिए कई सरकारी योजनाएं चल रही हैं। लेकिन कई प्रभावी सरकारी योजनाओं के बावजूद भारत में बालिकाओं की स्थिति चिन्ताजनक है। देश में हुई 2016 की जनगणना में लड़कों की तुलना में लड़कियों की घटती संख्या के आंकडे. चौंकाते ही नहीं बल्कि दुखी भी करते हैं। जिस तरह से लड़के-लड़कियों का अनुपात असंतुलित हो रहा है, उससे ऐसी चिन्ता भी जतायी जाने लगी है कि यही स्थिति बनी रही तो लड़कियां कहां से लाएंगे? हालत यह है कि आंध्र प्रदेश में 2016 में प्रति एक हजार लड़कों के मुकाबले महज आठ सौ छह लड़कियों का जन्म दर्ज किया गया। यह आंकड़ा सबसे निम्न स्तर पर मौजूद राजस्थान के बराबर है। तमिलनाडु, कर्नाटक जैसे राज्यों में भी तस्वीर बहुत बेहतर नहीं है। बालिकाओं की घटती संख्या एक गंभीर चिन्ता का विषय है।

हालांकि, बहुत से लोगों का मानना है कि 21वीं सदी तक आते-आते बालिकाओं एवं महिलाओं की जिंदगी में बहुत बदलाव आए हैं लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए अब हालात पहले से ज्यादा खराब हो चुके हैं। कहने को भले ही लड़कियां हर मामले में लड़कों के कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हो, हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा, क्षमता एवं कौशल का लोहा मनवा रही है लेकिन उनके सामने हर रोज एक लंबी चुनौती भी खड़ी है। भारतीय बालिकाओं एवं महिलाओं की समस्याएं केवल सामाजिक अधिकारों तक ही सीमित नहीं हैं बल्कि कार्यस्थलों और घरों में भी वह मानसिक और सामाजिक रूप से प्रभावित होती हैं। बालिकाओं एवं महिलाओं की सोच में भले ही पिछले कुछ सालों की तुलना में बदलाव आए हों लेकिन मर्दों की सोच और रवैये में कुछ खास फर्क नजर नहीं आता है। ऐसा इसलिए क्योंकि सड़क पर छोटे कपड़े पहनकर चलने में लगभग हर महिला ही असुरक्षित महसूस करती है। चीरहरण करती आंखें, अंजाने में छूने वाले हाथ और सीटियों की गूंज का सामना किसी लड़के को नहीं बल्कि लड़की को ही हर रोज करना पड़ता है। कुछ घरों में आज भी लड़कों की तुलना में लड़कियों के साथ अलग व्यवहार किया जाता है। वह कैसे बोलती है, कैसे कपड़े पहनती है, अपना जीवन जीने का तरीका किस तरह चुनती है, भले ही इन बातों से उसे कोई फर्क नहीं पड़ रहा हो लेकिन उसके आसपास रहने वाले लोग इससे असुरक्षित वातावरण महसूस करने लगते हैं। ज्यादातर लोगों ऐसा मानना है कि एक बालिका को मिलनसार होना चाहिए। उसे हमेशा ही समझौता करना चाहिए। भले ही वह बातें उसे नुकसान क्यों न पहुंचा रही हों।

जन्म से पहले ही पता चल जाए कि बच्ची पैदा होगी तो ये उसकी जान लेने से भी नहीं कतराते। पिछली सदी में समाज के एक बड़े वर्ग में यह एक विभीषिका ही थी कि परिवार की धुरी होते हुए भी नारी को वह स्थान प्राप्त नहीं था जिसकी वह अधिकारिणी थी। उसका मुख्य कारण था सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। कितनी विडम्बना है कि देश में हम ह्यबेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओह्ल का नारा बुलन्द करते हुए एक जोरदार मुहिम चला रहे हैं उस देश में लगातार बालिकाओं की संख्या घटने का दाग लग रहा है। यह दाग ह्यएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्ल के संकल्प पर भी लगा है और यह दाग हमारे द्वारा नारी को पूजने की परम्परा पर भी लगा है। लेकिन प्रश्न है कि हम कब बेदाग होंगे? अच्छे भविष्य के लिए हम बेटियों की पढ़ाई से ही सबसे ज्यादा उम्मीदें बांधते हैं। बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ जैसे नारे हमारे संकल्प को बताते हैं, हमारी सदिच्छा को दिखाते हैं, भविष्य को लेकर हमारी सोच को जाहिर करते हैं, लेकिन वर्तमान की हकीकत इससे उलट है। वे पढ़ाई में अपने झंडे भले ही गाड़ दें, लेकिन उन्हें आगे बढ़ने से रोकने की क्रूरताएं कई तरह की हैं। उसका मुख्य कारण है सदियों से चली आ रही कुरीतियाँ, अंधविश्वास व बालिका शिक्षा के प्रति संकीर्णता। शताब्दियों से हम साल में दो बार नवरात्र महोत्सव मनाते हुए कन्याओं को पूजते हैं। लेकिन विडम्बना देखिये कि सदियों की पूजा के बाद भी हमने कन्याओं को उनका उचित स्थान और सम्मान नहीं दे पाये हैं। इन त्रासद, अमानवीय एवं विडम्बनापूर्ण नारी अत्याचार की बढ़ती घटनाओं के होते हुए मां दुर्गा को पूजने का क्या अर्थ है? बालिकाओं के साथ होने वाली त्रासद एवं अमानवीय घटनाएं -निर्भया कांड, नितीश कटारा हत्याकांड, प्रियदर्शनी मट्ठू बलात्कार व हत्याकांड, जेसिका लाल हत्याकांड, रुचिका मेहरोत्रा आत्महत्या कांड, आरुषि मर्डर मिस्ट्री की घटनाओं में पिछले कुछ सालों में इंडिया ने कुछ और ऐसे मौके दिए जब अहसास हुआ कि भ्रूण में किसी तरह नारी अस्तित्व बच भी जाए तो दुनिया के पास उसके साथ और भी बहुत कुछ है बुरा करने के लिए। बहशी एवं दरिन्दे लोग ही बालिकाओं को नहीं नोचते, समाज के तथाकथित ठेकेदार कहे जाने वाले लोग और पंचायतें, तथाकथित राम-रहीम जैसे धर्मगुरु भी बालिकाओं की स्वतंत्रता एवं अस्मिता को कुचलने में कोई कोर-कसर नहीं छोड़ रहे हैं, स्वतंत्र भारत में यह कैसा समाज बन रहा है, जिसमें महिलाओं की आजादी छीनने की कोशिशें और उससे जुड़ी हिंसक एवं त्रासदीपूर्ण घटनाओं ने बार-बार हम सबको शर्मसार किया है। राष्ट्रीय बालिका दिवस का अवसर इन त्रासद एवं क्रूर स्थितियों पर आत्म-मंथन करने का है, क्योंकि बालिकाओं एवं महिलाओं के समावेश, न्याय व सुरक्षा की स्थिति को बताने वाले वैश्विक शांति व सुरक्षा सूचकांक के 177 देशों में भारत का 128वां स्थान है। एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार, महिलाओं के विरूद्ध अपराध में राष्ट्रीय औसत 66.4 है। राजधानी दिल्ली का स्थान 144.4 अंकों के साथ सर्वोच्च है। माना जाता है कि 90 प्रतिशत यौन उत्पीड़न जान-पहचान के व्यक्ति ही करते हैं। यानी बालिकाएं अपने ही घर या परिचितों के बीच सबसे ज्यादा असुरक्षित है।

# मुंबई में अभिनेता सैफ अली खान पर हमला हो सकता है तो आप किस खेत की मूली है?



अशोक भाटिया

बॉलीवुड अभिनेता सैफ अली खान पर हमले का आरोपी मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद पुलिस रिमांड में है। उससे लगातार पूछताछ चल रही है। पुलिस दावा कर रही है कि सैफ पर हमले का केस सुलझा लिया गया है। आरोपी के सैफ के घर में घुसने से लेकर उन पर हमले तक की पूरी थ्योरी बता रही है कि वारदात की सभी कड़ियां जोड़ने की चुनौती बनी हुई है। आरोपी से पूछताछ के जरिए पुलिस पूरी पड़ताल कर रही है। पुलिस जानना चाहती है कि आखिर वारदात कैसे हुआ? 16 जनवरी की रात क्या-क्या हुआ? वारदात को अंजाम देकर आरोपी कैसे सैफ के घर से फरार हो गया? मुंबई पुलिस आरोपी को सैफ अली खान के घर ले जाकर क्राइम सीन रिक्रिएट करवा सकती है। आरोपी की गिरफ्तारी के बाद पता चला कि वो एक बांग्लादेशी घुसपैठिया है। हमारे देश में अवैध घुसपैठ एक बड़ा मुद्दा बनता जा रहा है। ये देश की आतंरिक सुरक्षा के लिए खतरनाक है। सैफ अली खान के हमलावर का नाम पहले विजय दास बताया जा रहा था, लेकिन ये एक फर्जी नाम था। उसका असली नाम मोहम्मद शरीफुल इस्लाम शहजाद है। वो एक बांग्लादेशी घुसपैठिया है, जो पिछले 6 महीने से मुंबई में साफ-सफाई का काम कर रहा था। उसके हमलावर के पास कोई भी भारतीय पहचान पत्र नहीं था। उसने कोलकाता में जहांगीर शेख के नाम पर एक सिम कार्ड लिया था। इसका ये इस्तेमाल कर रहा था। दरअसल सैफ अली खान पर हमले ने बॉलीवुड को हिला दिया है, लेकिन मुंबईकरों को सावधान रहने की चेतावनी भी दी है। सैफ और उनका परिवार बहुमंजिला इमारत शरण की 11वीं और 12वीं मंजिल पर रहता है। सैफ, करीना, उनके बच्चे तैमूर और जेह आलीशान डुप्लेक्स फ्लैट में रहते हैं। बच्चों की देखभाल करने वाली माताएं भी घर में ही रहती हैं। सैफ और करीना सिल्वर वर्ल्ड की सेलिब्रिटी होने के साथ-साथ अमीर भी हैं, लेकिन कपल ने कभी नहीं सोचा था कि आधी रात के बाद कोई उनके घर में घुसकर उन पर हमला कर देगा। सैफ अली खान की मां शर्मिला टैगोर भी एक प्रसिद्ध अभिनेत्री हैं। सैफ के पिता मंसूर अली पटौदी एक स्टार क्रिकेटर थे। नवाब परिवार में जन्मे, सैफ ने हमेशा शाही जीवन जिया है और ग्लैमर उनके आसपास है। सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि बांग्लादेशी युवक जिसने उनके फ्लैट में घुसकर उन पर हमला किया। सैफ ने हमला करने के लिए सैफ को लक्ष्य के रूप में क्यों चुना? वह सैफ के घर कैसे पहुंचा, बांद्रा इलाके में एक संभ्रांत बस्ती है, बांग्लादेशी हमलावर को हाईप्रोफाइल सोसायटी में प्रवेश कैसे मिला, क्या इसके पीछे कोई मास्टरमाइंड है, वह सैफ को चाकू मारने के बाद कैसे भाग गया। मुंबई पोलिस हमले का सीन रिक्रियेक्ट कर रही है तो क्या वही सच है जो हमें बताया जा रहा है ।

सैफ के बच्चों के पास एक नर्सरी, थिएटर, खूबसूरती से सजी छत है। घर में ऑडी स्पाइडर, मर्सिडीज बेंज, रेंज रोवर जैसी शानदार कारें हैं। सैफ ने अब तक 75 फिल्में रिलीज की हैं। उनकी हिट फिल्में दिल चाहता है (2001), कल हो ना हो (2003), हम तुम (2004), ओमकारा (2006) हैं।करीना से शादी होने तक, सैफ बांद्रा में फॉर्च्यून हाइट्स में रहते थे। सैफ का स्विट्जरलैंड में एक घर और उनके पैतृक गुरुग्राम में एक बड़ा महल है। आज तक, मुंबई में मशहूर हस्तियों और सार्वजनिक जीवन के प्रमुख नेताओं पर घातक हमलों की कई घटनाएं हुई हैं। लेकिन घर के अंदर सैफ पर हमला एक बहुत ही गंभीर घटना है, लेकिन पुलिस और प्रशासन के लिए एक चुनौती भी है। मुंबई को देश में सबसे सुरक्षित महानगर के रूप में जाना जाता है। मुंबई दिल्ली, कोलकाता, बैंगलोर, हैदराबाद, लखनऊ, पटना की तुलना में अधिक सुरक्षित है । मुंबई 24 घंटे महानगर है। यह अमीर, गर्भवती अमीर और लाखों श्रमिकों वाला शहर है। वे कर्मचारी और दैनिक वेतन भोगी हैं। मुंबई किसी को भूखा नहीं देता। रात के 12 बजे के बाद भी एक अकेली लड़की लोकल, बस या ऑटो-टैक्सी से इस महानगर में यात्रा कर सकती है। मुंबई महानगर की जनसंख्या 1. 5 करोड़ से अधिक है और महामुंबई की जनसंख्या दो करोड़ से अधिक है। इतनी बड़ी आबादी में, रोजगार और उद्योग के लिए विदेशियों की संख्या बड़ी है। मुंबई में हिंदी बोलने वालों की संख्या पचपन लाख से अधिक होनी चाहिए। पटना या लखनऊ की तुलना में मुंबई में अधिक हिंदी बोलने वाले हैं। बाहर से आने वाले लोग कौन हैं? क्या मुंबई पुलिस के पास विस्तृत और अद्यतित जानकारी है कि वे कहां से आए हैं, वे कहां रहते हैं, वे क्या करते हैं, उनके पुलिस रिकॉर्ड क्या हैं? यह एक तथ्य है कि मुंबई में पकड़े गए अपराधियों में अन्य भाषाएं अधिक आम हैं। मुंबई में घुसपैठ नियंत्रित है या नहीं, यह सवाल वर्षों से बना हुआ है।

मुंबई देश की वित्तीय राजधानी और महाराष्ट्र की संघर्षरत राजधानी है। मुंबई को देश के सबसे महंगे शहर के रूप में जाना जाता है। मुंबई में रियल एस्टेट की दरें किसी भी अन्य शहर की तुलना में अधिक हैं। बांद्रा से जुहू, अंधेरी, गोरेगांव, कलाकार, निमार्ता, निर्देशक, तकनीशियन आदि फिल्म इंडस्ट्री से जुड़े लोगों के डिपो हैं। मुंबई में विभिन्न क्षेत्रों में काफी ग्लैमर है। व्यापार-उद्योग-व्यवसाय-वित्तीय क्षेत्र के बड़े असमिया मुंबई में हैं। देश के सभी प्रमुख राजनीतिक नेताओं के आवास भी मुंबई में हैं। यही कारण है कि इस महानगर की सुरक्षा इतनी महत्वपूर्ण है। सैफ पर उनके घर पर हुए हमले ने मुंबई की सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 2-4 करोड़ रुपये से लेकर 50 करोड़ रुपये तक के लक्जरी फ्लैटों के साथ रहने वाले लोग खुश और संतुष्ट हो सकते हैं, लेकिन यह मुद्दा कि क्या वे सुरक्षित हैं, एक चुनौती बन गया है।

सैफ पर उनके घर के अंदर हमला करने वाले बांग्लादेशी शरीफुल इस्लाम शहजाद मोहम्मद रोहिल्ला अमीन फकीर था , जो 30 साल की उम्र में मेघालय के रास्ते भारत आया था। पश्चिम बंगाल में कुछ समय रहने के बाद, वह मुंबई पहुंचा । वह विजय दास नाम से रह रहा था । बांग्लादेशी लोगों की घुसपैठ वर्षों से चल रही है। केंद्र में चाहे कितनी भी सरकारें बदल जाएं, इस घुसपैठ पर कोई लगाम नहीं लगा सका है। जब अटल बिहारी वाजपेयी प्रधानमंत्री थे, तब तत्कालीन केंद्रीय मंत्री मदनलाल खुराना ने संसद में कहा था कि देश में दो करोड़ से अधिक बांग्लादेशी होने चाहिए। आज वे कितने होंगे? पश्चिम बंगाल और उत्तर-पूर्वी राज्यों में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी घुसपैठिए हैं। उन्हें आधार कार्ड मिलता है, राशन कार्ड मिलता है, रोजगार मिलता है। सीमा सुरक्षा बल की आंखों की अनदेखी करने के बाद बांग्लादेशी घुसपैठिए वर्षों तक कैसे आते हैं और जाते हैं? भारत में दिहाड़ी मजदूर, सब्जी विक्रेता, मछली विक्रेता, निर्माण मजदूर, चौकीदार, सुरक्षा गार्ड, घरेलू नौकर और यहां तक कि बार भी काम करते हैं, लेकिन उन्हें भगाना बहुत मुश्किल है। सैफ के हमलावर को पकड़ने के लिए मुंबई से 200 पुलिस चौबीसों घंटे काम कर रही थी। जब सैफ पर हमला हुआ तो वह निहत्था था और हमलावर हथियारबंद था। हमलावर बांग्लादेश से कब आया, कैसे आया, कहां रहा, किसने उसे पनाह दी, कब मुंबई आया, किसके साथ मुंबई में रहा, वह सैफ के घर कैसे पहुंचा, उसके निशाने पर सीधे सैफ थे कि उनके बेटे का अपहरण हो गया था और वह फिरौती मांगना चाहते थे। इन सभी सवालों के जवाब रहस्यमय हैं। जब हमलावर सदगुरु शरण भवन में घुसा तो वहां का चौकीदार सो रहा था। उसे रोकने वाला कोई नहीं था। सैफ के घर के बाहर कोई सीसीटीवी नहीं था। सीढ़ियां चढ़ने और उतरने के उनके कैमरे की फुटेज ही पुलिस को मिला था।

अभिनेता-निमार्ता राकेश रोशन पर साल 2000 में अंडरवर्ल्ड गैंग ने हमला किया था। उनकी फिल्म कहो ना प्यार है पर रिलीज के तुरंत बाद हमला हुआ था लेकिन वह बच गए। सलमान खान को अब तक सबसे ज्यादा जान से मारने की धमकी मिली है। अप्रैल 2014 में सलमान के घर के बाहर फायरिंग कर हमलावर फरार हो गए थे। गोलीबारी के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ होने का संदेह है। सलमान के पिता सलीम खान को भी जून 2022 में उनके बांद्रा स्थित घर पर धमकी भरे पत्र मिले थे। 1993 में मुंबई में दंगे होने पर संजय दत्त को भी गोली मार दी गई थी। 2014 में गौहर खान की लाइव परफॉर्मेंस के दौरान किसी ने स्टेज पर आकर उन्हें थप्पड़ मार दिया था। लेकिन उसके बाद भी कार्यक्रम चलता रहा। मार्च 2023 में, दो लड़के शाहरुख खान के मन्नत बंगले में घुस गए और ज्यादातर समय छिपे रहे। बाद में पता चला कि मन्नत बंगले के बाहर रेकी की गई थी। अक्टूबर 2024 में एनसीपी के पूर्व मंत्री बाबा सिद्दीकी की बांद्रा पूर्व में उनके कार्यालय के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई थी और हमलावर भाग गए थे। यह अधिक गंभीर है कि सैफ अली खान को भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित किया गया था, लेकिन पद्मश्री पुरस्कार विजेता मुंबई के महानगर शहर में अपने घर में भी सुरक्षित नहीं हैं और यदि भारत सरकार द्वारा पद्म श्री से सम्मानित व्यक्ति ह्यसेफह्य नहीं है तो मुंबई वासी किस गफलत में है कि वो सेफ हैं।

# बालिकाओं को बनाना होगा आत्मनिर्भर



-रमेश सर्राफ धमोरा

## 24 जनवरी राष्ट्रीय बालिका दिवस पर विशेष

भारत में हर साल 24 जनवरी को लड़कियों को सशक्त बनाने और समाज में उनके सामने आने वाली चुनौतियों का समाधान करने के महत्व को उजागर करने के लिए राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। यह लड़कियों के अधिकारों और अवसरों को बढ़ावा देते हुए उनकी ताकत और क्षमता का जश्न मनाने का दिन है। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय द्वारा 2008 में पहली बार राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाना शुरू किया गया था। देश में लड़कियों द्वारा सामना की जाने वाली सभी असमानताओं के बारे में लोगों के बीच जागरूकता फैलाना व बालिकाओं के अधिकारों के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना इसको मनाने का मुख्य उदेश्य है।

हमारे देश में यह एक बड़ी विडंबना है कि हम बालिका का पूजन तो करते हैं। लेकिन जब हमारे खुद के घर बालिका जन्म लेती है तो हम दुखी हो जाते हैं। देश में सभी जगह ऐसा देखा जा सकता है। देश के कई प्रदेशों में तो बालिकाओं के जन्म को अभिशाप तक माना जाता है। लेकिन बालिकाओं को अभिशाप मानने वाले लोग यह क्यों भूल जाते हैं कि वह उस देश के नागरिक हैं, जहां रानी लक्ष्मीबाई जैसी विरांगनाओं ने देश के लिए अपने प्राण न्यौछावर कर दिए थे। 24 जनवरी 1966 को पहली बार बतौर प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने अपना कार्यभार संभाला था। उस दिन की याद में राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाने लगा। राष्ट्रीय बालिका दिवस 2024 का विषय है आइए हम अपनी लड़कियों को मजबूत, स्वतंत्र और निडर बनाएं।

भारत में आज हर क्षेत्र में बालिकाओं के आगे बढने के बावजूद भी वह अनेको कुरीतियों की शिकार हैं। ये कुरीतियां उसके आगे बढने में बाधाएं उत्पन्न करती है। पढ़े-लिखे लोग और जागरूक समाज भी इस समस्या से अछूता नहीं है। आज हजारों लड़कियों को जन्म लेने से पहले ही मार दिया जाता है। आज भी समाज के अनेक घरों में बेटा, बेटी में भेद किया जाता है। बेटियों को बेटों की तरह अच्छा खाना और अच्छी शिक्षा नहीं दी जाती है। समाज में आज भी बेटियो को बोझ समझा जाता है। हमारे यहां आज भी बेटी पैदा होते ही उसकी परवरिश से ज्यादा उसकी शादी की चिन्ता होने लगती है। आज महंगी होती शादियों के कारण बेटी का बाप हर समय इस बात को लेकर चिंतित नजर आता है कि उसकी बेटी की शादी की व्यवस्था कैसे होगी। समाज में व्याप्त इसी सोच के चलते कन्या भ्रूण हत्या पर रोक नहीं लग पायी है। कोख में कन्याओ को मार देने के कारण समाज में आज लड़कियों की काफी कमी हो गयी है।

देखा जाय तो अगर समाज में बेटियों को भी उचित शिक्षा और सम्मान मिले तो कभी भी बेटिया किसी भी क्षेत्र में पीछे नही रहेगी। इसलिए यदि यह कहा जाय की बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना नही हम सबकी एक जिम्मेदारी है। तो इसमें कोई गलत नही है। यदि हम सभी एक अच्छे समाज का निर्माण करना चाहते है तो हम सबका यही फर्ज बनता है हम इन बेटियों को भी भयमुक्त वातावरण में पढ़ाये। उन्हें इतना सशक्त बनाये की खुद गर्व से कह सके की देखो वह हमारी बेटी है जो इतना बड़ा काम कर रही है।

आज लड़किया लड़को से किसी भी क्षेत्र में कमतर नहीं हैं। दुश्कर से दुश्कर कार्य लड़किया सफलतापूर्वक कर रही हैं। देश में हर क्षेत्र में महिला शक्ति को पूरी हिम्मत से काम करते देखा जा सकता है। समाज के पढ़े लिखे लोगों को आगे आकर कन्या भ्रूण हत्या जैसे घिनोने कार्य को रोकने का माहौल बनाना होगा। ऐसा करने वाले लोगों को समझा कर उनकी सोच में बदलाव लाना होगा। लोगों को इस बात का संकल्प लेना होगा कि ना तो गर्भ में कन्या की हत्या करेगें ना ही किसी को करने देगें तभी देश में कन्या भ्रूण हत्या पर रोक लग पाना संभव हो पायेगा।

एक तरफ जहां बेटी को जन्मते ही मरने के लिये लावारिश छोड़ दिया जाता है। वहीं झुंझुनू जिले की मोहना सिंह जैसी बालिकायें भी है जो आज देश में फाईटर प्लेन उड़ा कर जिले का पूरे देश में मान बढ़ा रही हैं। समाज में सभी को मिलकर राष्ट्रीय बालिका दिवस के दिन हमें लडका-लडकी में भेद नहीं करने व समाज के लोगों को लिंग समानता के बारे में जागरूक करने की प्रतिज्ञा लेनी चाहिए। पिछले कुछ वर्षों में देश में जन्म के समय लिंगानुपात में बढ़ोतरी होना शुभ संकेत हैं। संसद में एक सवाल का जवाब में महिला एवं बाल विकास मंत्री ने कहा था कि बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना ने बालिकाओं के अधिकारों को स्वीकार करने के लिए जनता की मानसिकता को बदलने की दिशा में सामूहिक चेतना जगाई है। इस योजना ने भारत में सीएसआर (बाल लिंग अनुपात) में गिरावट के मुद्दे पर चिंता जताई है। यह राष्ट्रीय स्तर पर जन्म के समय लिंग अनुपात (एसआरबी) में 15 अंकों के सुधार के रूप में परिलक्षित होता है। जो कि 2014 में 918 था। जबकि 2022-23 में 15 अंक बढ़कर 933 हो गया। भारत में हर साल तीन से सात लाख कन्या भ्रूण नष्ट कर दिये जाते हैं। इसलिए यहां महिलाओं से पुरुषो की संख्या 5 करोड़ ज्यादा है। समाज में निरंतर परिवर्तन और कार्य बल में महिलाओं की बढ़ती भूमिका के बावजूद रूढिवादी विचारधारा के लोग मानते हैं कि बेटा बुढ़ापे का सहारा होगा और बेटी हुई तो वह अपने घर चली जायेगी। बेटा अगर मुखाग्नि नहीं देगा तो कर्मकांड पूरा नहीं होगा। बालिकाओं का कोख में तो कत्ल कर उन्हे धरती पर आने से पहले ही मारा जा रहा है। उससे भी घिनोना काम जिन्दा बालिकाओं के साथ किया जा रहा है। देश में बालिकाओं के साथ हर दिन बलात्कार, प्रताडना की घटनायें अखबारो की सुर्खिया बनती हैं। बालिकायें कही भी अपने को सुरक्षित नहीं समझती हैं। चाहे घर हो या स्कूल अथवा कार्य स्थल। हर जगह वहशी भेडिये उन पर नजरे गड़ायें रहते हैं। उन्हे जब भी मौका मिलता है नोंच डालते हैं। ऐसे माहौल में देश की बालिकायें कैसे आगे बढ़ पायेगीं।

बालिकाओं को कई प्रकार के भेदभाव का शिकार होना पड़ता है। समाज और राष्ट्र के विकास के लिए बालिकाओं के महत्व को स्वीकार करना और बढ़ावा देना आवश्यक है। शिक्षा प्रत्येक बच्चे का मौलिक अधिकार है। एक शिक्षित लड़की ही अपने परिवार, समाज और राष्ट्र के आर्थिक विकास में योगदान दे सकती है। कानूनी सुरक्षा बालिकाओं के अधिकारों की सुरक्षा का एक महत्वपूर्ण पहलू है। जागरूकता कार्यक्रमों और सामुदायिक भागीदारी के माध्यम से लड़कियों के प्रति सामाजिक दृष्टिकोण को बदलने के लिए भी उतना ही आवश्यक है।

हर साल बालिका दिवस मनाने की बजाय सरकार व समाज को मिलकर ऐसे वातावरण का निर्माण करने का प्रयास करना चाहिये जिसमें बालिकायें खुद को महफूज समझ सकें। जब तक बालिकाओं की सुरक्षा की पुख्ता व्यवस्था नहीं हो पायेगी तब तक बालिका दिवस मनाने की कोई सार्थकता नहीं हो पायेगी। बालिकाओं पर अत्याचार करने वालों के मन में भय व्याप्त करने के लिये सरकार को कानून में और अधिक सुधार करना चाहिये। हमारे समाज का भविष्य इस बात पर निर्भर करता है कि हम आज अपनी बच्चियों के साथ कैसा व्यवहार करते हैं और उन्हें कितना महत्व देते हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य देखभाल, कानूनी सुरक्षा और सामाजिक सशक्तिकरण के माध्यम से बालिकाओं को सशक्त बनाना न केवल एक नैतिक दायित्व है बल्कि सामाजिक विकास के लिए एक जरूरी आवश्यकता भी है। हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि लड़कियों को आगे बढ़ने, सीखने के समान अवसर मिले। तभी हम एक संतुलित, न्यायसंगत और समृद्ध समाज बना सकेगें।

# आत्मनिर्भरता को मजबूत करते हुए चीन के साथ भारत के सम्बंध



-प्रियंका सौरभ

भारत गैर-प्रतिस्थापनीय आयातों के लिए चुनिंदा व्यापार सम्बंधों को बनाए रखते हुए महत्त्वपूर्ण क्षेत्रों में घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दे सकता है। उदाहरण के लिए, सेमीकंडक्टर के लिए पीएलआई योजना माइक्रोन टेक्नोलॉजी जैसी वैश्विक कंपनियों को आकर्षित कर रही है, जबकि भारत घरेलू क्षमता बढ़ने तक चीन से उन्नत सिलिकॉन वेफर्स का आयात जारी रखता है। इसी तरह, टैरिफ वृद्धि और स्थानीय विनिर्माण द्वारा समर्थित भारत के खिलौना उद्योग ने चीन से आयात कम कर दिया। हरित ऊर्जा में सहयोग, विविध भागीदारः भारत साझा चिंताओं को दूर करने के लिए ब्रिक्स जैसे बहुपक्षीय जलवायु मंचों पर चीन के साथ जुड़ सकता है, जबकि विविध देशों से नवीकरणीय ऊर्जा प्राप्त कर सकता है। भारत ने इंडो-जर्मन ग्रीन हाइड्रोजन टास्क फोर्स के माध्यम से हरित हाइड्रोजन विकास में जर्मनी के साथ भागीदारी की, जबकि जापान के साथ सौर बैटरी प्रौद्योगिकी हस्तांतरण पर भी बातचीत की। इस बीच, भारत घरेलू नवीकरणीय उद्योगों में क्षमता निर्माण के लिए पवन टर्बाइनों में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है।

महत्वपूर्ण प्रौद्योगिकियों के लिए स्वदेशी विकास पर ध्यान केंद्रित करते हुए ईवी विनिर्माण जैसे गैर-संवेदनशील क्षेत्रों में चीनी फर्मों के साथ साझेदारी को प्रोत्साहित करें। उदाहरण के लिए, चीन की इलेक्ट्रिक वाहन प्रमुख कंपनी बीवाईडी भारत में विनिर्माण कार्य शुरू करने के लिए उत्सुक है, जैसे ही 'सभी कारक' 'आगे बढ़ने' का संकेत देते हैं और योजना निरंतर मूल्यांकन के अधीन है। भारत कूटनीतिक जुड़ाव जारी रखते हुए चीन की मुखर उपस्थिति का मुकाबला करने के लिए सीमा पर बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत के (सीमा सड़क संगठन) ने लद्दाख तक पहुँच को बेहतर बनाने के लिए अटल सुरंग को पूरा किया, जबकि दिसम्बर 2024 में भारत और चीन के विशेष प्रतिनिधियों की 23वीं बैठक के माध्यम से कूटनीतिक प्रयासों ने कुछ क्षेत्रों में तनाव कम किया। भारत साझा विकास लक्ष्यों के लिए एआईआईबी और एससीओ जैसे प्लेटफॉर्म का लाभ उठा सकता है जबकि क्वाड जैसी साझेदारी के माध्यम से चीन के प्रभाव को संतुलित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एससीओ के क्षेत्रीय आतंकवाद-रोधी ढांचे में भारत की सक्रिय भागीदारी आतंकवाद-रोधी सहयोग सुनिश्चित करती है, जबकि साथ ही सेमीकंडक्टर और दुर्लभ पृथ्वी के स्रोत में विविधता लाने के लिए क्वाड की आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन पहल का उपयोग करती है। प्रौद्योगिकी सहयोग, स्वदेशी नवाचारः भारत कृषि के लिए एआई जैसे कम संवेदनशील क्षेत्रों में चीन के साथ सहयोग कर सकता है, जबकि महत्त्वपूर्ण तकनीकी क्षेत्रों में आत्मनिर्भरता पर ध्यान केंद्रित कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत भारतनेट और चंद्रयान मिशन जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से 5जी और उपग्रह तकनीक में घरेलू प्रयासों को आगे बढ़ाते हुए, सटीक खेती एआई में चीन की विशेषज्ञता का लाभ उठा सकता है। भारत चीन के साथ आर्थिक जुड़ाव बनाए रखते हुए आसियान, दक्षिण कोरिया और अफ्रीकी देशों के साथ व्यापार साझेदारी को गहरा करके चीनी आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकता है। उदाहरण के लिए, भारत की एक्ट ईस्ट पॉलिसी ने वियतनाम के साथ मजबूत व्यापार सम्बंधों को बढ़ावा दिया, विशेष रूप से इलेक्ट्रॉनिक्स और रसायनों में, जिससे चीनी आपूर्ति श्रृंखलाओं पर निर्भरता कम हुई। भारत क्वाड नौसैनिक अभ्यास के माध्यम से नौसैनिक गठबंधनों को मजबूत कर सकता है, जबकि हिंद महासागर में तनाव को रोकने के लिए कूटनीतिक रूप से चीन से जुड़ सकता है। उदाहरण के लिए, भारत ने अंतर-संचालन को बढ़ाने के लिए अमेरिका, जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ मालाबार 2023 अभ्यास किया।

जबकि, भारत की सागरमाला परियोजना हंबनटोटा जैसे समुद्र में चीनी प्रभाव को संतुलित करने के लिए रणनीतिक भारतीय बंदरगाहों के विकास को सुनिश्चित करती है। भारत चीन के आपूर्ति श्रृंखला प्रभुत्व का मुकाबला करने के लिए बांग्लादेश, नेपाल और अफ्रीकी देशों जैसे पड़ोसी देशों में क्षेत्रीय विनिर्माण केंद्र विकसित करने में रणनीतिक रूप से निवेश कर सकता है। औद्योगिक पार्कों का निर्माण करके और इन क्षेत्रों में परिचालन का विस्तार करने के लिए भारतीय फर्मों को प्रोत्साहित करके, भारत वैकल्पिक आपूर्ति श्रृंखलाएँ बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत कपड़ा विनिर्माण के लिए इथियोपिया के साथ साझेदारी कर सकता है, जिससे निर्भरता में विविधता आएगी और भू-राजनीतिक सद्भावना बनेगी। भारत क्षेत्रीय स्थिरता का प्रबंधन करने के लिए चीन के साथ कूटनीतिक चर्चा करते हुए नागरिक और सैन्य दोनों जरूरतों को पूरा करने के लिए पूर्वोत्तर और अंडमान और निकोबार द्वीप समूह जैसे संवेदनशील क्षेत्रों में बुनियादी ढाँचा विकसित कर सकता है। उदाहरण के लिए, रसद के लिए पोर्ट ब्लेयर की क्षमता का विस्तार संघर्ष को बढ़ाए बिना भारत की रणनीतिक स्वायत्तता को दशार्ता है। यह चीन की स्ट्रिंग ऑफ पर्ल्स रणनीति का मुकाबला करते हुए इंडो-पैसिफिक में आपूर्ति श्रृंखला कनेक्टिविटी भी सुनिश्चित करता है। भारत चीन पर अत्यधिक निर्भरता के कारण होने वाले अल्पकालिक व्यवधानों को कम करने के लिए दुर्लभ पृथ्वी खनिजों, एपीआई और अर्धचालकों जैसे महत्त्वपूर्ण आयातों के रणनीतिक भंडार बना सकता है। उदाहरण के लिए, भारत लिथियम के लिए ऑस्ट्रेलिया और चिली के साथ साझेदारी स्थापित कर सकता है, ईवी विनिर्माण जैसे उद्योगों का समर्थन करने के लिए भंडार बना सकता है। यह भू-राजनीतिक तनावों के दौरान घबराहट से प्रेरित निर्भरता को कम करते हुए आपूर्ति श्रृंखला लचीलापन सुनिश्चित करता है। कपड़ा और खिलौने जैसे क्षेत्रों में सस्ते चीनी आयात का मुकाबला करने के लिए, भारत ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म और अंतर्राष्ट्रीय ब्रांडिंग के साथ उन्हें एकीकृत करके पारंपरिक उद्योगों को पुनर्जीवित कर सकता है। उदाहरण के लिए, एक जिला, एक उत्पाद जैसी योजनाओं के तहत उत्पादों का निर्यात करते हुए अमेजन और फ्लिपकार्ट जैसे प्लेटफॉर्म के साथ साझेदारी करके पोचमपल्ली रेशम, बनारसी साड़ियों और भारतीय लकड़ी के खिलौनों की वैश्विक स्तर पर पहुँच बढ़ाई जा सकती है। यह भारत के एम्एसमीई पारिस्थितिकी तंत्र को बढ़ावा देते हुए कम तकनीक वाले क्षेत्रों में चीनी आयात पर निर्भरता को कम करता है।

भारत-चीन सम्बंध अभिसरण और घर्षण दोनों से चिह्नित हैं, जिसके लिए एक सूक्ष्म दृष्टिकोण की आवश्यकता है। जबकि व्यापार, जलवायु कार्यवाही और बहुपक्षीय सहयोग जैसे क्षेत्र अवसर प्रदान करते हैं, सीमा विवाद, व्यापार असंतुलन और भू-राजनीतिक प्रतिद्वंद्विता जैसी चुनौतियाँ बनी रहती हैं। भारत को आत्मनिर्भरता और आपूर्ति श्रृंखला विविधीकरण पर ध्यान केंद्रित करते हुए रणनीतिक सावधानी के साथ जुड़ाव को संतुलित करना चाहिए। गठबंधनों को मजबूत करना, घरेलू नवाचार को बढ़ावा देना और आर्थिक लचीलेपन को बढ़ावा देना महत्त्वपूर्ण है। एक व्यावहारिक और बहुआयामी रणनीति अपनाकर, भारत क्षेत्रीय स्थिरता को बढ़ावा देते हुए अपने हितों की रक्षा कर सकता है।

## अभियान ने जारी किया उत्तर प्रदेश दिवस का प्रतीक चिन्ह



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** मुंबई की सामाजिक सांस्कृतिक संस्था अभियान ने उत्तरप्रदेश दिवस समारोह का बुधवार को लोगो (प्रतीक चिन्ह) जारी किया। मुंबई बीजेपी के महामंत्री व पूर्व विधायक सुनील राणे ने लोगो का विमोचन किया। इस अवसर पर मुंबई बीजेपी के उपाध्यक्ष व यूपी दिवस के संयोजक अमरजीत मिश्र, अभियान के कार्याध्यक्ष संतोष दीक्षित, घनश्याम मौर्य व राकेश सिंह उपस्थित थे। २४ जनवरी की शाम ५ बजे सांताक्रुज पश्चिम के लायंस क्लब ग्राउंड पर भोजपुरी फि ल्मों के कलाकारों की उपस्थिति में यह आयोजन होगा।

## लेमन ने मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा का अनावरण किया

**मुंबई।** पीपलको के अभिनव निवेश मंच, लेमन ने अपने ऐप पर मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा लॉन्च की है। लेमन ने एक मिलियन यूजर की उपलब्धि भी हासिल कर ली है और अब यह भारत के शीर्ष 50 ब्रोकर्स में शामिल है। मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा उन्नत स्टॉक निवेशकों के लिए एक महत्वपूर्ण उपकरण हो सकता है, जो उन्हें अपने निवेश क्षमता को बढ़ाने में सक्षम बनाता है। इसके माध्यम से उपयोगकर्ता अब अपने मौजूदा खाता शेष से अधिक स्टॉक्स खरीद सकते हैं, क्योंकि वे स्टॉक के मूल्य का 80% तक उधार ले सकते हैं। लेमन की एमटीएफ सेवा एक अत्यंत प्रतिस्पर्धी ब्याज दर के साथ आती है, जो केवल 8.99% प्रति वर्ष है, जिससे उन्नत ट्रेडिंग रणनीतियाँ और भी सुलभ और किफायती हो जाती हैं। नई मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा किफायती सुनिश्चित करते हुए उन्नत वित्तीय उपकरणों तक पहुंच को लोकतांत्रिक बनाने के लेमन के दृष्टिकोण के साथ संरेखित होती है। उपयोगकर्ता एक दिन की सक्रियण अवधि के बाद, होमपेज से केवल एक क्लिक के साथ इसे निर्बाध रूप से एक्सेस कर सकते हैं। लेमन के बिजनेस हेड देवम सरदाना ने घोषणा पर टिप्पणी करते हुए कहा, लेमन में, हम एक ही मिशन से प्रेरित हैं: अपने उपयोगकर्ताओं के लिए निवेश को सरल, स्मार्ट और अधिक फायदेमंद बनाना। मार्जिन ट्रेडिंग सुविधा का शुभारंभ इस यात्रा में एक कदम है, जो निवेशकों को स्टॉक मार्केट में आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने में सक्षम बनाता है। अत्यधिक प्रतिस्पर्धी ब्याज दरों की पेशकश करके, हम उपयोगकर्ताओं को पर्याप्त धन की कमी होने पर भी अवसरों का सर्वोत्तम उपयोग करने में सक्षम बना रहे हैं।

## केयर हेल्थ इंश्योरेन्स ने लॉन्च किया नया प्लान अल्टीमेट केयर

**मुंबई/पटना।** भारत के अग्रणी स्वास्थ्यसेवा प्रदाताओं में से एक केयर हेल्थ इंश्योरेन्स ने आधुनिक हेल्थ इंश्योरेन्स अल्टीमेट केयर के लॉन्च की घोषणा की है, केयर इंश्योरेन्स की ओर से पेश किया गया यह प्रोडक्ट हेल्थ कवरेज में नए बेंचमार्क स्थापित करेगा। अल्टीमेट केयर ढेरों फायदों के साथ अचानक आने वाली मेडिकल एमरजेन्सी को कवर करता है और आपको स्वस्थ्य बने रहने के लिए रिवॉर्ड भी देता है। अल्टीमेट केयर मनीबैक फीचर सहित व्यापक हेल्थ कवरेज के साथ आता है, जहां पॉलिसीहोल्डर को स्वस्थ बने रहने के लिए रिवार्ड दिए जाएंगे। कंपनी 5 साल क्लेम न लेने के बाद पहले साल का बेस प्रीमियम रीफंड कर देती है। इस प्रोडक्ट का फीचर लॉयल्टी बूस्ट अतिरिक्त सम इंश्योर्ड देता है, जो 7 साल तक क्लेम न लेने के बाद पॉलिसी के पहले वर्ष के बराबर है, इसी तरह इन्फीनिटी बोनस कुल बोनस को सीमित नहीं करता और हर साल एसआई का 100 फीसदी बोनस देता है- फिर चाहे कितनी बार भी क्लेम लिए गए हों- इसमें लगातार पॉलिसी रीन्युअल कराने पर अनलिमिटेड क्लेम शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा यह प्लान वैलनैस डिस्काउन्ट भी देता है, जिसके तहत पॉलिसीहोल्डर हेल्दी डेज प्रोग्राम के साथ रीन्युअल प्रीमियम पर 30 फीसदी तक छूट का लाभ उठा सकते हैं।

## बादाम के 8 छुपे हुए सेहतमंद फायदे: क्या आप जानते हैं इनके बारे में: रितिका समद्दर

**मुंबई/पटना।** हर साल 23 जनवरी को नेशनल आमंड डे मनाया जाता है, जो बादाम खाने के फायदों के प्रति जागरूकता बढ़ाने का दिन है। हम में से अधिकांश ने बचपन में अपनी माँ और दादी से सुना होगा कि बादाम खाना सेहत के लिए फायदेमंद होता है, और यह बात अब वैज्ञानिक रूप से भी साबित हो चुकी है। 200 से अधिक वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह पुष्टि की है कि बादाम पोषण से भरपूर होते हैं और हमारी संपूर्ण सेहत को बेहतर बनाने में मदद करते हैं। कैलिफोर्निया बादाम, जो पोषक तत्वों से भरपूर होते हैं, कई स्वास्थ्य लाभ प्रदान करते हैं। इस खास मौके पर रितिका समद्दर, क्षेत्रीय प्रमुख- डायटेटिक्स, मैक्स हेल्थकेयर - नई दिल्ली ने बताया कि रोजाना के आहार में बादाम को शामिल करने के कुछ अनजान लेकिन महत्वपूर्ण फायदे हैं। आइए, इस बहुमूल्य जानकारी पर एक नजर डालें और सेहत के लिए बादाम के लाभों को समझें। कैलिफोर्निया बादाम में 15 जरूरी पोषक तत्व पाए जाते हैं, जैसे मैग्नीशियम, प्रोटीन, रिबोफ्लेविन, जिंक, फाइबर और सेहतमंद फैट्स। ये पोषक तत्व संपूर्ण तंदुरुस्ती में योगदान देते हैं। भारतीयों के आहार के लिए आईसीएमआर-एनआईएन के दिशा-निर्देशों में बादाम को एक पौष्टिक नट के रूप में माना गया है, जिसे रोजाना खाना सेहत के लिए फायदेमंद है।

## एक्सिस म्यूचुअल फंड ने लॉन्च किया 'एक्सिस निफ्टी 500 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड'

**मुंबई/पटना।** भारत के सबसे तेजी से बढ़ते फंड हाउस में से एक, एक्सिस म्यूचुअल फंड ने एक्सिस निफ्टी 500 मोमेंटम 50 इंडेक्स फंड पेश किया है, जो निफ्टी 500 मोमेंटम 50 टीआरआई को ट्रैक करने वाला एक ओपन-एंडेड इंडेक्स फंड है. न्यू फंड ऑफर अवधि 24 जनवरी से 7 फरवरी, 2025 तक खुली रहेगी और फंड को निफ्टी 500 मोमेंटम 50 टीआरआई के मुकाबले बेंचमार्क किया गया है. यह नई पेशकश भारत के निवेश परिदृश्य में निष्क्रिय रणनीतियों में भारतीय निवेशकों की बढ़ती रुचि को दर्शाती है, क्योंकि निवेशक अधिक सरल और लागत प्रभावी समाधान के साथ गति में चल रहे शेयरों पर पूंजी लगाना चाहते हैं। इस योजना का निवेश उद्देश्य ट्रैकिंग त्रुटि के अधीन निफ्टी 500 मोमेंटम 50 टीआरआई के अनुरूप व्यय से पहले रिटर्न प्रदान करना है।

# जेएनपीए शीर्ष वैश्विक बंदरगाहों में से एक तथा 10 मिलियन से अधिक टीईयू क्षमता वाला भारत का सबसे बड़ा बंदरगाह: सबार्नंद सोनोवाल

**मुंबई (उत्तरशक्ति / अजीत सिंह)।** केंद्रीय बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने मंगलवार 21 जनवरी 2025 को जेएनपीए बंदरगाह पर क्षमता विस्तार के लिए लगभग 2,000 करोड़ रुपये की लागत वाली कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया। केंद्रीय मंत्री ने बंदरगाह की सुरक्षा और दक्षता को बढ़ावा देते हुए एक सौर ऊर्जा चालित नाव, दो स्वदेशी रूप से विकसित 70 टी टग और तीन फायर टेंडर भी लॉन्च किये। जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) जनवरी 2025 में 10+ मिलियन टीईयू क्षमता को पार करके शीर्ष वैश्विक बंदरगाहों और भारत के सबसे बड़े बंदरगाहों में से एक है और 2027 तक 10 मिलियन टीईयू थ्रूपुट प्राप्त करने के लिए तैयार है। सबार्नंद सोनोवाल ने बोलते हुए कहा कि 2024 में बंदरगाह ने 90% से अधिक क्षमता पर प्रदर्शन करते हुए 7.05 मिलियन टीईयू की अब तक की उच्चतम कंटेनर मात्रा को संभाला। पिछले कैलेंडर वर्ष की तुलना में पिछले साल इसमें 11% सालाना वृद्धि हुई थी। जनवरी 2025 में भारत मुंबई कंटेनर टर्मिनल (बीएमसीटी) के दूसरे चरण के चालू होने के साथ, जेएनपीए की कुल क्षमता में 2.4 मिलियन टीईयू जुड़ गए हैं। पूर्वानुमान पर विश्वास जताते हुए केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा, ह्लयह जेएनपीए के साथ-साथ भारत के संपूर्ण समुद्री क्षेत्र के लिए एक उल्लेखनीय उपलब्धि है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गतिशील नेतृत्व में हमारी संपत्तियों का भरपूर उपयोग करके मूल्य अनलॉक करने



का एक ठोस प्रयास किया गया है। साथ ही हमारी टीम निष्क्रिय संसाधनों से मूल्य बनाने और साथ ही नवीन मूल्य प्रस्तावों के साथ क्षमता जोड़ने के लिए काम कर रही है। बड़े जहाजों को संभालने की क्षमता बनाने सहित बढ़ते बुनियादी ढांचे के साथ जेएनपीए भारत के वैश्विक व्यापार के लिए एक प्रमुख प्रवेश द्वार के रूप में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए तैयार है। जैसे-जैसे भारत का व्यापार बढ़ता है, विनिर्माण से लेकर कपड़ा, इलेक्ट्रॉनिक्स से लेकर कृषि जैसे विविध क्षेत्रों में हमारे बंदरगाह क्षमता निर्माण में निवेश कर रहे हैं और साथ ही बढ़ते कंटेनर यातायात का समर्थन करने के लिए कुशल समाधान बना रहे हैं। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल ने कहा कि 10 मिलियन टीईयू को संभालने वाले दुनिया के कुछ बंदरगाहों में से एक के रूप में जेएनपीए का उत्थान 2014 से नरेंद्र मोदी सरकार द्वारा भारत के समुद्री क्षेत्र को दुनिया के शीर्ष समुद्री देशों में से एक बनाने के लिए किए जा रहे प्रयासों का प्रमाण है। केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल की उपस्थिति में वाढवन बंदरगाह परियोजना के विकास के लिए प्रमुख समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर किये गये। वीपीपीएल और रिलायंस इंडस्ट्रीज लिमिटेड के बीच एक समझौता ज्ञापन में पीपीपी मॉडल के तहत वाढवन बंदरगाह पर 50 एक-ड़ जमीन के साथ लिक्विड जेट्टी आवंटित की गई है। यह निवेश ? 645 करोड़ होने का अनुमान है और 2030 तक शुरू होने की संभावना है। वीपीपीएल और डॉ बालासाहेब कोकण कृषि विद्यापीठ दापोली (डीबीकेकेवीडी) के बीच वाढवन और उसके आसपास के दहानु और पालघर में शॉर्टलिस्ट किये गये गांवों के लिए एकीकृत कृषि और बागवानी योजना के विकास और कार्यान्वयन के लिए एक और समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किये गये।

बुनियादी ढांचा क्षेत्र में सहयोग को बढ़ावा देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम में वीपीपीएल और हुडको के बीच एक मजबूत कार्यकारी साझेदारी स्थापित की गई है। इस समझौते के तहत मेसर्स हुडको ने नए बंदरगाहों और सार्वजनिक-निजी भागीदारी (पीपीपी) परियोजनाओं के विकास के लिए 25,000 करोड़ रुपये तक का वित्तपोषण प्रदान करने की प्रतिबद्धता जताई है।

## श्री सिद्धिविनायक मंदिर में महाआरती का भव्य आयोजन



**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** श्रीराम जन्मभूमि मंदिर में भगवान श्रीराम के श्रीविग्रह की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर मुंबई के प्रसिद्ध श्री सिद्धिविनायक मंदिर में महाआरती का आयोजन किया गया। इस अवसर पर श्री सिद्धिविनायक मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष सदा सरवणकर, कोषाध्यक्ष आचार्य पवन त्रिपाठी, ट्रस्टी महेश मुदलीयार, श्रीमती मीना कांबळी, कार्यकारी अधिकारी श्रीमती वीणा पाटिल सहित बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित थे। आचार्य पवन त्रिपाठी ने कहा कि अयोध्या में भगवान श्रीराम का भव्य मंदिर विश्व भर में फैले हिंदुओं का प्रमुख आस्था केंद्र और सनातन धर्म के गौरव का प्रतीक है। भगवान राम के संदेशों का आज पूरी दुनिया अनुसरण कर रही है।

## नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन का ७० वा वार्षिक अधिवेशन शुरू

**मुंबई (उत्तरशक्ति)।** पिछले कई वर्षों से रेल कर्मचारियों के न्याय ,अधिकारों के लिए संघर्ष करने वाली नेशनल रेलवे मजदूर यूनियन का 70वां अधिवेशन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस में शुरू हो गया है। यह सम्मेलन 21 से शुरू होकर आज गुरुवार 23 जनवरी को समाप्त होगा। अधिवेशन के पहले दिन बड़ी संख्या में कामगार उपस्थित थे। इस अवसर पर यूनियन नेता वेणु नायर ने कामगारों का मार्गदर्शन करते हुए कहा कि पिछले कई वर्षों से लंबित मांगों को पूरा करने के लिए रेल मंत्रालय के साथ पत्र व्हार किया जा रहा है। यह संगठन मध्य रेलवे और कोंकण रेलवे के कर्मचारियों का सबसे बड़ा संगठन है और इसका पहला दिन का खुला अधिवेशन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनल पर आयोजित किया गया। पिछले महीने दिसंबर 2024 में मध्य रेलवे में हुए गुप्त मतदान के जरिए यह यूनियन एक मान्यता प्राप्त संगठन बन गई। यह अखिल भारतीय रेलवे कर्मचारी महासंघ (एआईआरएफ) की एक संबद्ध शाखा है, जो देश भर में कार्यरत 9 लाख से अधिक रेलवे कर्मचारियों का प्रतिनिधित्व करती है। इस तीन दिवसीय सम्मेलन में हजारों प्रतिनिधि, अतिथि



और यूनियन सदस्य बड़े उत्साह के साथ भाग ले रहे हैं। पहले दिन उनकी संख्या काफी थी। सम्मेलन में रेलवे को सार्वजनिक सेवा संगठन से कॉर्पोरेट इकाई में बदलने, नए लागू श्रम संहिता में कड़े प्रावधानों, एनएमपी नीति के माध्यम से रेलवे संपत्तियों को नष्ट करने, निजीकरण, ठेकेदारी, उत्पादन और रखरखाव इकाइयों के निगमीकरण, हजारों पदों को न भरने जैसे मुद्दों पर चर्चा की गई। रिक्त पदों की संख्या, मनमाने ढंग से पदों को समाप्त करने तथा कर्मचारी कल्याण से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दों पर गहन चर्चा और विचार-विमर्श हो रहा है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार, रेलवे में फिलहाल 2.5 लाख से ज्यादा पद रिक्त हैं। इनमें से मध्य रेलवे में 27,000 से अधिक पद रिक्त होने की बात सामने आई है। इनमें से अधिकांश रिक्तियां इंजीनियरिंग, रनिंग, इलेक्ट्रिकल और मैकेनिकल, सिग्नल और दूरसंचार, तथा ऑपरेटिंग विभागों में हैं। इसका रेलवे सुरक्षा, रखरखाव और मरम्मत कार्य पर बड़ा असर पड़ रहा है।पर्याप्त स्टाफ के अभाव और अतिरिक्त कार्यभार के कारण मौजूदा कर्मचारियों को अपनी जिम्मेदारियां पूरी करने के लिए शॉर्टकट तरीकों का सहारा लेना पड़ता है। उन्होंने यह भी कहा कि इससे गलतियों की संभावना बढ़ जाती है और दुर्घटनाओं के लिए खतरनाक स्थिति पैदा होती है। इस बीच, सम्मेलन में अनुबंध के आधार पर काम करने वाले लाखों श्रमिकों की शोषणकारी कार्य स्थितियों पर भी चर्चा की जाएगी। पहले दिन मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस (सीएसएमटी) पर उद्घाटन सत्र के बाद शाम 5.30 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 18 से डीआरएम कार्यालय तक एक विशाल मोर्चा निकाला गया। नेशनल रेलवे मजदूर संघ के महासचिव कॉमरेड वेणु नायर ने इस सार्वजनिक सत्र में रेल मजदूरों का मार्गदर्शन किया। संगठन के नेता प्रदीप शिंदे ने बताया कि 22 जनवरी को प्रतिनिधि सत्र आयोजित किया गया।

## माध्यमिक विद्यालय अबिटघर में आयोजित महिला सम्मेलन संपन्न

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** माध्यमिक विद्यालय आबिटघर में महिलाओं के लिए एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम महिला एवं बाल कल्याण समिति सभापति रोहिणी शेलार, सभापति पं.स. वाडा अश्विनी लहंगे, जि.प. सदस्या भक्ति वाल्टे, उपसभापति जगदीश पाटील, पं.स. सदस्य शांताराम माली, अमोल पाटील, सागरजी ठाकरे, अस्मिता बिरजे (बाल विकास परियोजना अधिकारी) की विशेष उपस्थिति में संपन्न हुआ। उक्त कार्यक्रम में महिलाओं के लिए विभिन्न गतिविधियां क्रियान्वित की गई। बच्चों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने कार्यक्रम में विशेष छटा बिखेरी। इनमें कानूनी मार्गदर्शन, मातृत्व किट का वितरण, स्वास्थ्य जांच, हल्दी



कुंकू समारोह, भ्रूणहत्या और बाल विवाह पर नाटक, भोजन प्रदर्शन, रंगोली प्रदर्शन और पूर्व-प्राथमिक शिक्षा स्टॉल शामिल थे। इस अवसर पर दिलीप माने (महिला परामर्शदाता), गायकर (आस्था फाउंडेशन), सपना पाटील, उत्कर्षा मैडम (लर्निंग स्पेस फाउंडेशन) के अलावा माध्यमिक विद्यालय आबिटघर के शिक्षक गण उपस्थित थे। इस सभा के माध्यम से महिलाओं के स्वास्थ्य, शिक्षा और सामाजिक मुद्दों पर जागरूकता पैदा की गई। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए बाल विकास विभाग व स्थानीय संगठनों का विशेष योगदान रहा।इस दौरान उपस्थित महिलाओं एवं ग्रामीणों ने कार्यक्रम की सराहना की।

## डीसीपी विशेष पथक की कार्रवाई में तीन किलो गांजा के साथ एक शक्स गिरफ्तार

**डोंबिवली (उत्तरशक्ति)।** डोंबिवली पश्चिम में नशे के अवैध व्यापार पर एक और कार्रवाई करते हुए, परिमंडल 3 की डीसीपी विशेष टीम ने गांजा बेचते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई सिद्धार्थ नगर के ऐश्वर्या होटल के पास की गई, जहां आरोपी गांजे की बिक्री कर रहा था।

विशेष पथक को गुप्त सूचना मिली थी कि डोंबिवली पश्चिम के कोपर क्रॉस रोड स्थित सिद्धार्थ नगर में गांजा बेचा जा रहा है। कार्रवाई में आरोपी लीलाधर सुरेश ठाकर (35), निवासी सिद्धार्थ नगर, हनुमान मंदिर के पास, को पकड़ा गया। आरोपी के पास से 3 किलो

### पुलिस ने गांजा विक्री करने वालों की कमर तोड़ी



207 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत 80 हजार 175 रुपये आंकी गई है। इस कार्रवाई को विशेष पथक के पीएसआई चव्हाण, पुलिसकर्मी गौतम जाधव, गुजर और सोनवणे ने अंजाम दिया। आरोपी के खिलाफ विष्णूनगर पुलिस स्टेशन में मामला दर्ज किया गया है। पुलिस मामले की आगे जांच कर रही है। अधिकारियों का कहना है कि इस कार्रवाई का उद्देश्य नशे के अवैध व्यापार पर सख्ती करना है।

## राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ ने किया हल्दी कुमकुम व माता की चौकी कार्यक्रम का भव्य आयोजन

**पालघर (उत्तरशक्ति)।** राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ की ओर से पालघर जिले के बोईसर शहर अंतर्गत स्थित गंगोत्री मैदान में सोमवार 20 जनवरी 2025 को शाम 5 बजे से रात 10 बजे तक हल्दी कुमकुम एवं माता की चौकी कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के जिला अध्यक्ष लक्ष्मण बेदाड़े नेतृत्व में किया गया। माता की चौकी कार्यक्रम में मुंबई से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका खुशबू यादव तथा भजन गायक मनीष उपाध्याय व उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत उत्कृष्ट भजनों को सुन कर श्रोतागण मंत्रमुग्ध दिखाई दिये। इस मौके पर राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ द्वारा आयोजित नौ दिवसीय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ के कथा वाचक पंडित वेदनारायण शास्त्री जी महाराज तीर्थराज प्रयागराज व मुंबई से पधारी सुप्रसिद्ध भजन गायिका खुशबू यादव तथा भजन गायक मनीष उपाध्याय के साथ ही साथ सूर्यनारायण मिश्रा,



महिला मातृशक्ति शैलबाला, तनु सिंह, सपना प्रभु को शॉल, श्रीफल, पुष्पगुच्छ भेंट देकर स्वागत किया गया। वहीं राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ पदाधिकारियों एवं सदस्यों के साथ सभी लोग खड़े होकर तालियों की गड़गड़ाहट के साथ बोईसर चा एकदंत मंडल का जोरदार स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ के पदाधिकारियों में ललित माली, यजुवेंद्र सावे, पिंटू मिश्रा, लक्ष्मण बेदाड़े, विनोद शर्मा, डी. एन.मास्टर, उमेश सिंह, रोहित सिंह, संघ की महिला शक्ति में संगीता जयसवाल, मीना बोरसे, सुनीता सकपाल, पिंकी सिंह (तनु सिंह) उपस्थित रहीं। इस मौके पर तनु सिंह व टीम ने सुंदर भजनों को प्रस्तुत किया।

राष्ट्रीय हिंदू सेवा संघ की तरफ से कार्यक्रम में शामिल सभी लोगों के लिए महाप्रसाद की व्यवस्था की गई थी। माता की चौकी कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाजसेवी, उद्योजक, पत्रकार एवं महिलाओं ने उपस्थिति दर्ज करायी।

## फेडएक्स ने सप्लाई चेन में नई क्रांति के लिए फेडएक्स सराउंड लॉन्च किया

**मुंबई।** दुनिया की अग्रणी एक्सप्रेस ट्रांसपोर्टेशन कंपनी फेडरल एक्सप्रेस कॉर्पोरेशन (फेडएक्स) ने भारत में अपना नया समाधान फे-डएक्स सराउंड लॉन्च किया है। यह उन्नत तकनीक सप्लाई चेन मैनेजमेंट को नए सिरे से परिभाषित करने के लिए बनाई गई है। यह लगभग रियल-टाइम विजिबिलिटी, एआई-संचालित पूर्वानुमान विश्लेषण, और उन्नत हैंडलिंग क्षमताओं से लैस है। फेडएक्स सराउंड ग्राहकों को उनकी शिपमेंट पर अधिक नियंत्रण, बेहतर विश्वसनीयता और अद्वितीय विजिबिलिटी प्रदान करता है फेडएक्स सराउंड के मॉनिटरिंग और इंटरवेंशन सूट को तीन स्तरों में बांटा गया है– चुनिंदा, पसंदीदा, और प्रीमियम। यह हेल्थकेयर, एयरोस्पेस और हाई-टेक प्रोडक्ट्स जैसे संवेदनशील उद्योगों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया है। यह सेवा महत्वपूर्ण अपडेट और समय पर हस्तक्षेप सुनिश्चित करती है, जिससे शिपमेंट सुरक्षित और समय पर डिलीवर हो सके। यह नवाचार न केवल व्यवसायों को उनकी सप्लाई चेन को बेहतर ढंग से प्रबंधित करने में मदद करेगा, बल्कि विभिन्न उद्योगों में विश्वसनीयता और कुशलता को भी नई ऊंचाइयों तक ले जाएगा। फेडएक्स सराउंड ग्राहकों को बेहतर सुविधा और नियंत्रण प्रदान करता है। इस सेवा के तहत फेडएक्स लचीलापन और नियंत्रण, बेहतर सेवा और प्राथमिकता और 24७7 मन की शांति यह तीन मुख्य लाभ देता है। फेडएक्स में मार्केटिंग और एयर नेटवर्क, एमईआईएसए के वाइस प्रेसीडेंट नितिन नवनीत टाटीवाला ने कहा, हमारे लिए नवाचार का मतलब है असली दुनिया की समस्याओं का साहसिक समाधानों से हल करना।ह उन्होंने बताया कि फेडएक्स सराउंड एआई, मशीन लर्निंग और डेटा का उपयोग कर व्यवसायों की सप्लाई चेन को ज्यादा स्मार्ट और लचीला बना रहा है। यह तकनीक संभावित व्यवधानों का पहले ही पता लगाकर, बेहतर निर्णय लेने और हर चरण में मन की शांति सुनिश्चित करने में मदद करती है।

## सीएमएआई के 80वें नेशनल गारमेंट फेयर को मिला जबरदस्त प्रतिसाद

**मुंबई।** क्लोथिंग मैन्युफैक्चरर्स असोसिएशन ऑफ इंडिया (सीएमएआई) द्वारा आयोजित 80वां नेशनल गारमेंट फेयर (एनजीएफ) का स्प्रिंग-समर एडिशन 15 से 17 जनवरी, 2025 तक मुंबई के बॉम्बे एक्ज़िबीशन सेंटर में सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। महाराष्ट्र सरकार के माननीय कपड़ा मंत्री श्री संजय सावकारे ने अपैरल उद्योग को प्रोत्साहित करने नेशनल गारमेंट फेयर का दौरा किया और नीति पर समर्थन और वित्तीय सहायता का आश्वासन दिया। भारी संख्या में लोगों ने नेशनल गारमेंट फेयर को भेंट दी, इसमें राष्ट्रीय और क्षेत्रीय स्तर के रिटेल विक्रेताओं, वितरकों और होलसेलर्स सहित 21500 से अधिक ट्रेड विजिटर भी थे, जिससे मजबूत व्यापारिक जुड़ाव हुआ, जो आने वाले समय में एक आशाजनक रिटेल सीजन का संकेत देता है। 80वें एनजीएफ को मिला जबरदस्त प्रतिसाद और बड़ी मात्रा में व्यावसायिक गतिविधि भारतीय अपैरल मार्केट को आकार देने में सीएमएआई की महत्वपूर्ण भूमिका को और मजबूत करती है, सोर्सिंग, नेटवर्किंग, सहयोग और विकास के अवसरों की खोज के लिए एक व्यापक मंच प्रदान करती है। महाराष्ट्र सरकार के माननीय कपड़ा मंत्री श्री संजय सावकारे ने कहा, सीएमएआई द्वारा आयोजित इस 3 दिवसीय ट्रेड फेयर में, पूरे भारत से ब्रांडेड कपड़ों के निमार्ता अगले चार महीनों के लिए व्यवसाय विकसित करने के लिए एकत्र हुए हैं।

उत्तरशक्ति
* संपादकः ओमप्रकाश प्रजापति
* उप संपादकः प्रेम चंद मिश्रा
*प्रबंध संपादकः डा. शेषधर बिन्द
उपरोक्त सभी पद अवैतनिक है।
पत्राचार कार्यालय :
उत्तरशक्ति (हिंदी दैनिक)
मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5, ए-337 ट्रक टर्मिनल डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल ऑटाफ हिल वडाला, मुंबई-37
मो.- 9554493941
email ID- uttarshaktinews@gmail.com




**स्वामी: शरद फागूराम प्रजापति, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति** द्वारा सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, यूनिट क्रमांक 4, तल मजला, एन.के. इंडस्ट्रियल स्टेट, आरे रोड, प्रवासी इंडस्ट्रियल एस्टेट, जवल, गेट क्रमांक 2, गोरेगांव (पूर्व), मुंबई-400063, महाराष्ट्र से मुदित एवं के-4, रूम नं. 8, ग्राउंड फ्लोर न्यू समता सहकारी को.ऑ. हां. सोसाइटी, एमएमआरडीए कॉलोनी कंजूरमार्ग (वेस्ट), जिला मुंबई- 400078, महाराष्ट्र से प्रकाशित। RNI NO. MAHHIN/2018/76092 * **संपादक- ओमप्रकाश रविंद्रनाथ प्रजापति**, विश्व समाचार पत्र में प्रकाशित समस्त समाचारों के लिए उत्तरदाई तथा इससे उत्पन्न समस्त विवाद मुंबई न्यायालय के अधीन होंगे।
**पत्राचार कार्यालय:** मुंबई-पुणे मोटर मालक श्रमजीवन प्रिमायसेस को.सो., बी-5 ए-337 ट्रैक टर्मिनल, डब्लू.टी.टी. रोड, आर.टी.ओ. जवल, ऑटाफ हिल, वडाला मुंबई -37, **मो.-** 9554493941 **email ID- uttarshaktinews@gmail.com**

